# दर्शन करलो बारी बारी | By Ashu Verma

जिसका मोहक रूप निराला
है सांवरिया खाटू वाला
श्याम धणी की एक झलक ने
सबको दीवाना कर डाला
मनमोहक है रूप सलोना सूरतिया प्यारी
हो बैठा सांवरिया सरकार दर्शन करलो बारी बारी
हो बैठा सांवरिया सरकार दर्शन करलो बारी बारी
हो दर्शन करलो बारी बारी .........

मोर मुकुट चन्दन का टीका
दिल लूटे हर एक किसी का
जिनके दिव्य रूप के आगे
चंदा भी लगता है फीका
इनके जैसी और कहीं न देखी दातारी
हो बैठा सांवरिया सरकार दर्शन करलो बारी बारी
हो बैठा सांवरिया सरकार दर्शन करलो बारी बारी
हो दर्शन करलो बारी बारी .........

इनके केश घने घुंघराले
जैसे बदरा काले काले
जिनका सिर्फ नाम जपने से
खुल जाते किस्मत के ताले
निच्छल श्याम कृपा से खुशियां मिल जाती सारी
हो बैठा सांवरिया सरकार दर्शन करलो बारी बारी
हो बैठा सांवरिया सरकार दर्शन करलो बारी बारी
हो दर्शन करलो बारी बारी .........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%b6%e0%a4%a8-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-by-ashu-verma/